त्रैमासिक परीक्षा – 2022-23

कक्षा – 12वीं

समय – 3:00 घंटे | **विषय :— इतिहास** | **पूर्णांक – 80**

निर्देश —

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।
3. 1 अंक के कुल प्रश्न 5 (प्रत्येक पर 1 अंक) कुल अंक 32
4. 2 अंक के कुल प्रश्न 10 (प्रत्येक पर 02 अंक) कुल अंक 20
5. 3 अंक के कुल प्रश्न 04 (प्रत्येक पर 03 अंक) कुल अंक 12
6. 4 अंक के कुल प्रश्न 04 (प्रत्येक पर 04 अंक) कुल अंक 16
7. आवश्यकता के अनुसार स्वच्छ व नामांकित चित्र बनाए।

physicshindi.com

प्र. 1. सही विकल्प चुनिए -

1) सबसे प्राचीन अभिलेख किस शासक के प्राप्त हुए हैं —
अ) बिंबिसार ब) अजातशत्रु स) अशोक द) कनिष्क

2) ‘ शूरसेन ’ महाजनपद की राजधानी कौन-सी थी —
अ) मथुरा ब) वाराणसी स) अहिच्छत्र द) इंद्रप्रस्थ

3) संस्कृत भाषा का ‘ आदिकाव्य ’ किस ग्रन्थ को कहाँ जाता है —
अ) रामायण ब) महाभारत स) इलियड द) रामचरितमानस

4) महावीर स्वामी जैन धर्म के कौन-से तीर्थंकर माने जाते हैं —
अ) पहले ब) दूसरे स) तेइसवें द) चौबीसवें

5) अलवार संतों के ‘ आराध्य देव ’ कौन है —
अ) महात्मा बुद्ध ब) विष्णु
स) शिव द) महावीर स्वामी

6) भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक कौन था —

अ) शेरशाह ब) बाबर

स) हुमायूँ द) जहाँगीर

प्र. 2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए —

1. अभिलेखों के अध्ययन को ____________ कहा जाता है। - एपिग्रेफी

2. चन्द्रगुप्त मौर्य का सिंहासनारोहण वर्ष_______ में हुआ था । - 321 ई. पू.

3. कुरु राज्य की राजधानी __________ में स्तिथ थी। - हस्तिनापुर

4. शुंग और कण्व वंश के राजा ________ जाति से सम्बन्धित थे । - ब्राह्मण

5. महात्मा बुद्ध की माता का नाम __________था। - महामाया

6. प्रारम्भिक भक्ति आन्दोलन का उदय ________ में हुआ था। - तमिलनाडु

7. वीर शैव सम्प्रदाय के प्रवर्तक___________ थे। - बासवन्ना

physicshindi.com

प्र. 3. एक वाक्य में उत्तर दीजिए —

1. मुद्राओं के अध्ययन को क्या कहाँ जाता है ?
उत्तर— मुद्राशास्त्र

2. चंद्रगुप्त मौर्य के प्रधानमंत्री का नाम क्या था ?
उत्तर— चाणक्य

3. ' महाभारत ' किस भाषा का ग्रन्थ है ?
उत्तर— संस्कृत

4. महात्मा बुद्ध को सच्चे ज्ञान की प्राप्ति की घटना को क्या कहाँ गया ?
उत्तर— सम्बोधि

5. कबीर के गुरु कौन थे ?
उत्तर— सन्त रामानन्द

6. ' आइन-ए-अकबरी ' का रचनाकार कौन है ?
उत्तर— अबुल फजल

7. ` इण्डिका ' नामक पुस्तक की रचना किसने की थी ?
उत्तर— मेगस्थनीज

physicshindi.com

प्र. 4. सही जोड़ी बनाइए —

क्र.	अ	ब
1.	पण्डवों के ज्येष्ठ भ्राता	युधिष्ठिर
2.	गीता का ज्ञान	श्रीकृष्ण
3.	पंच महाव्रत	जैन धर्म
4.	चार आर्यसत्य	बौद्ध धर्म
5.	अंग्रेजों की पहली व्यापारिक कोठी	सूरत
6.	ताजमहल होटल	बम्बई

physicshindi.com

प्र. 5. सत्य / असत्य लिखिए —

1. भारत आने वाले प्रथम यूरोपीय व्यापारी डच थे। - असत्य
2. बंगाल का विभाजन 1919 ई. में हुआ था। - असत्य
3. स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल थे। - सत्य
4. ब्राह्मी लिपि बाएँ से दायीं ओर लिखी जाती है। - सत्य
5. पहाड़िया लोगों की खेती मुख्यतः हल पर आश्रित थी। - असत्य
6. महात्मा गाँधी ने साबरमती आश्रम की स्थापना दिल्ली में की थी। - असत्य

प्र. क्र. 6. ब्राह्मी लिपि के महत्व पर प्रकाश डालिए।

प्र. क्र. 7. अशोक के ‘ धम्म ’ की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

प्र. क्र. 8.   स्मृति ग्रन्थों में वर्णित विभिन्न प्रकार के विवाहों का वर्णन कीजिए।

प्र. क्र. 9. महात्मा बुद्ध के जीवन से सम्बन्धित कोई चार स्थानों का उल्लेख कीजिए।

प्र. क्र. 10. सूफी मत के विकास पर एक टिप्पणी लिखिए ।

प्र. क्र. 11. मुगलकाल में अपनाए जाने वाले सिंचाई के कृत्रिम साधन क्या-क्या थे ?

प्र. क्र. 12. मुगलकाल में ग्राम पंचायत के मुखिया का चुनाव और उसके कार्यों की विवेचना कीजिए।

प्र. क्र. 13. सूफी मत क्या था ? इसके चिश्ती सम्प्रदाय का वर्णन कीजिए।

प्र. क्र. 14. साँची स्तूप की खोज और उसके संरक्षण पर प्रकाश डालिए।

प्र. क्र. 15. स्पष्ट कीजिए कि विशिष्ट परिवारों में पितृवंशिकता क्यों महत्वपूर्ण रही होगी ?